## 7.1.3 – The institutional environment and energy initiatives .

# Content


| Sr. No. | Particulars | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | Content | 01 |
| 2. | Geo Tagged Photos of Green Campus | 02-03 |
| 3. | Geo Tagged Photos of Plantation | 04-08 |
| 4. | Geo Tagged Photos of Beyond the campus environmental promotion activities | 09-11 |
| 3. | Newspaper | 12 |
| 4. | Report of programmes Page No. (5-7) | 13-19 |


शिक्षा सकाय
Green Campus
GPS Map Camera
Nagepur, Uttar Pradesh, India
PG college, College Rd, Nagepur, Sakaldiha, Uttar Pradesh 232109, India
Lat 25.351255°
Long 83.256497°
25/02/2023 09:47 AM GMT +05:30
Google



GREEN CAMPUS WITH RAMP AND PATHWAY
वर्ष 2020-2021
श्री मुकेश सिंह यादव
GPS Map Camera
Nagepur, Uttar Pradesh, India
PG college, College Rd, Nagepur, Sakaldiha, Uttar Pradesh 232109, India
Lat 25.351255°
Long 83.256497°
25/02/2023 09:44AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sakaldiha, Uttar Pradesh, India
9724+GQ5, Sakaldiha, Nagepur, Uttar Pradesh 232109, India
Lat 25.351265°
Long 83.257079°
22/07/23 11:13 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sakaldiha, Uttar Pradesh, India
9724+GQ5, Sakaldiha, Nagepur, Uttar Pradesh 232109, India
Lat 25.351265°
Long 83.257079°
22/07/23 11:13 AM GMT +05:30
Google






Green Campus Initiatives
GPS Map Camera
Nagepur, Uttar Pradesh, India
PG college, College Rd, Nagepur, Sakaldiha, Uttar Pradesh 232109, India
Lat 25.351255°
Long 83.256497°
25/02/2023 09:48 AM GMT +05:30
Google


पर्यावरण सुरक्षा
सकलडीहा पी॰ जी॰ कालेज सकलडीहा- चन्दौली
पेड़ लगाए, पेड़ बचाएं, पानी बचाएं, धरती बचाएं, देश बचाएं
डा॰ विजेन्द्र सिंह
डा॰ पी॰ के॰ सिंह
प्राचार्य
GPS Map Camera
Nagepur, Uttar Pradesh, India
PG college, College Rd, Nagepur, Sakaldiha, Uttar Pradesh 232109, India
Lat 25.351255°
Long 83.256497°
12/02/2023 11:25 AM GMT +05:30
Google


पर्यावरण सुरक्षा
सकलडीहा पी॰ जी॰कालेज सकलडीहा- चन्दौली
पेड़ लगाए, पेड़ बचाएं, पानी बचाएं, धरती बचाएं, देश बचाएं
डा॰ विजेन्द्र सिंह
डा॰ पी॰ के॰ सिंह
प्राचार्य
GPS Map Camera
Nagepur, Uttar Pradesh, India
PG college, College Rd, Nagepur, Sakaldiha, Uttar Pradesh 232109, India
Lat 25.351255°
Long 83.256497°
11/01/2023 10:07AM GMT +05:30
Google


PROTECT THE
ENVIRONMENT,
MAKE A DIFFERENCE
TODAY
SAVE
ANIMALS
REDUCE
REUSE &
RECYCLE
SAVE TREES
सकलडीहा पी0 जी0 कॉलेज
सकलडीहा–चन्दौली
GPS Map Camera
Nagepur, Uttar Pradesh, India
PG college, College Rd, Nagepur, Sakaldiha, Uttar Pradesh 232109, India
Lat 25.351255°
Long 83.256497°
28/02/2023 02:47 PM GMT +05:30
Google

# जल संरक्षण की दिशा में करें प्रयास, वरना भयावह होगा कल






Like Comment Share

# सकलडीहा पी.जी. कॉलेज सकलडीहा-चन्दौली

## सत्र २०२१-२२ व सत्र २०२२-२०२३ में महाविद्यालय में संचालित महत्त्वपूर्ण विविध कार्यक्रम

| क्रम | कार्यक्रम-तिथि | विवरण |
|---|---|---|
| 01. | मतदाता जागरूकता रैली<br>दि. 20.01.2022 | नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए तथा नवयुवकों को नये मतदाता बनाने के लिए मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय, श्री अरूण कुमार पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी सकलडीहा, श्री अजय मिश्र, डॉ. जितेन्द्र यादव द्वारा किया गया जिसमें शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्रायें भारी संख्या में भाग लिए थे, रैली का भ्रमण स्थानीय क्षेत्र था। |
| 02. | वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता<br>18-19 फरवरी, 2021 | महाविद्यालय का वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता श्री श्याम लाल यादव (असि. प्रो. शारीरिक शिक्षा विभाग) के निर्देशन में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में दौड़, रस्सा-कसी, वॉलीबाल, लम्बी-कूद, गोला फेक, म्यूजिकल चेयर इत्यादि इवेण्ट सम्मलित थे जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किये, विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय द्वारा पुरस्कृत किया गया। |
| 03. | पुरातन छात्र<br>समागम समारोह<br>20, जुलाई, 2022 | प्रो. उदय शंकर झा (पुरातन छात्र प्रकोष्ठ) के संयोजन में पुरातन छात्र समागम का आयोजन किया गया जिसमें पुरातन छात्र प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा पुरातन छात्र भारी संख्या में उपस्थित थे। इस समागम के सर्वप्रथम वरिष्ट पुरातन छात्र स्वर्गीय श्री सेचन यादव को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया, तत्पश्चात महाविद्यालय के विकास पर चर्चा की गयी तथा पुरातन छात्र प्रकोष्ठ के रजिस्ट्रेशन के लिए सुझाव भी दिये गये। |
| 04. | शहीद चन्द्रशेखर आजाद<br>जयन्ती समारोह<br>दि. 27.07.2022 | महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन प्रो. दयानिधि सिंह यादव द्वारा किया गया। संगोष्ठी में प्रो. पी. के. सिंह, प्रो. उदय शंकर झा, श्री श्याम लाल यादव, डॉ. सीता मिश्रा, डॉ. पवन कुमार ओझा, प्रो. शमीम राईन तथा डॉ. अभय कुमार वर्मा ने अपने विचार रखे तथा बताया कि चन्द्रशेखर आजाद के साहसी कदम ने राष्ट्रीय आन्दोलन में जन मानस को निडरता से भाग लेने तथा अपना सर्वस्व |

| | | |
|---|---|---|
| | | बलिदान देने के लिए प्रेरित तो किया ही अंग्रेजी हुकूमत में डर की भावना भी पैदा किया, संगोष्ठी में भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे। |
| 05. | विश्व स्तन पान सप्ताह कार्यक्रम<br>दि. 01-08-2022<br>07-08-2022 | महाविद्यालय में 'विश्व स्तन पान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मीनू जायसवाल के संयोजकत्व में हुआ जिसमें 'स्तन पान पयोधर का प्रथम वरदान' पर विचार गोष्ठी में प्रो. पी.के. सिंह, प्रो. इन्द्र देव सिंह, डॉ. सीता मिश्रा, डॉ. प्रीतम उपाध्याय, श्रीमती वन्दना, डॉ. रीता वर्मा तथा मीनू जायसवाल ने अपने व्यक्तव्य में प्रथम स्तन पान नवजात शिशु तथा प्रसूति दोनों के लिए आवश्यक बताया तथा कहा कि माँ का पीला गाढ़ा दूध (कोलेस्ट्रम) शिशु के लिए प्रकृति का उपहार है, इसके लिये महिलाओं को जागरूक करने के लिये स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। |
| 06. | तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन<br>13 अगस्त, 2022 | महाविद्यालय में 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत तिरंगा यात्रा रैली निकाली गयी जिसका नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय, श्री मनोज पाठक उपजिलाधिकारी, सकलडीहा, श्री अनुरुद्ध सिंह क्षेत्र अधिकारी (पुलिस) सकलडीहा द्वारा किया गया। इस तिरंगा जागरण रैली में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं में आपार उत्साह देखने को मिला। सकलडीहा तहसील, बाजार, नागेपुर, तिमिलपुरा, सकलडीहा सघन क्षेत्र तथा स्थानीय क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के गीत तथा नारों से गुंजायन हो गया था और चारों तरफ सागर की लहरों की तरह हमारा प्यारा तिरंगा ही दृश्यमान हो रहा था। |
| 07. | 'भारत विभाजन विभीषिका' स्मृति दिवस<br>14 अगस्त, 2022 | 'भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर' भारत विभाजन संभावी या असंभावी विषय पर समन्वयक प्रो. शमीम राईन तथा सहःसमन्वयक, डॉ. अभय कुमार के निर्देशन में संगोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें श्री संदीप सिंह, डॉ. इन्द्रजीत सिंह, श्री यज्ञनाथ पाण्डेय, श्री श्याम लाल यादव, श्री जितेन्द्र यादव तथा डॉ. पवन कुमार ओझा ने यह बताया कि मुस्लिम लीग की नकारात्मक राजनीति तथा अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति अखण्ड भारत को विभाजन के द्वार पर खड़ा कर दिया था जिसकी काट गांधी और कांग्रेस के पास नहीं रह गयी थी। इस परिचर्चा में छात्र-छात्राओं में भावना द्विवेदी, अनुष्का मोदनवाल, विनोद विश्वकर्मा, नियामत अली, मिथिलेश तिवारी, प्रीति कुमारी, रेहासत अली तथा अजीत प्रजापति ने भाग लिया जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| 08. | महान क्रांतिकारी योद्धा मदन लाल ढीगरा शहीदी दिवस दि. 17.08.2022 | डॉ. पवन कुमार ओझा के संयोजकत्व में महान क्रान्तिकारी योद्धा मदन लाल ढीगरा दिवस मनाया गया इस अवसर पर 'मदन लाल ढीगरा' के ऊपर विचार गोष्ठी तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रो. उदय शंकर झाँ, श्री संदीप कुमार सिंह, डॉ. उमेश कुमार चतुर्वेदी ने अपने विचार रखे एवं छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा उन्हें पुरस्कार भी दिया गया। |
| 09. | शिक्षक सम्मान सप्ताह समारोह (दि. 05.09.2022-09.09.2022) प्रथम कार्य दिवस दि. 05.09.2022 | शिक्षक दिवस के अवसर प्रो. दयानिधि सिंह द्वारा संकाय सदस्यों का अभिनन्दन किया गया। दूसरे सत्र में श्री संदीप कुमार सिंह (भूगोल विभाग) तथा श्री श्याम लाल यादव (शारीरिक शिक्षा विभाग) द्वारा शैक्षिक फिल्मों का स्क्रीनिंग कर उन्हें संकाय सदस्यों से परिचित कराया गया तथा उसे महाविद्यालय की ई-लाइब्रेरी में संग्रहीत करने का विचार दिया गया। |
| | द्वितीय कार्य दिवस 06.09.2022 | 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिकल्पित शिक्षकों की भूमिका' पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. इन्द्रजीत सिंह, डॉ. दयाशंकर यादव तथा श्री श्याम लाल यादव द्वारा NEP के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को शिक्षा में नवाचार तथा ई-लर्निंग मेथड का प्रयोग पर अपने विचार व्यक्त किए। |
| | तृतीय कार्य दिवस दि. 07.09.2022 | 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति की क्रियान्वयन की चुनौतियाँ एवं समाधान' विषय पर चैनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. शमीम राईन, प्रो. महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. पवन कुमार ओझा तथा डॉ. अनिल कुमार तिवारी द्वारा इसके सफल क्रियान्वयन के लिए कई व्यावहारिक सार्थक सुझाव दिये गये। |
| | चतुर्थ कार्य दिवस दि. 08.09.2022 | श्री यज्ञनाथ पाण्डेय तथा श्री जितेन्द्र यादव (हिन्दी विभाग) द्वारा शिक्षा विमर्श के ऊपर महत्त्वपूर्ण पुस्तकों का पाठन किया गया। |
| | पंचम कार्य दिवस दि. 09.09.2022 | 'भारतीय ज्ञान प्रणाली में शिक्षकों का योगदान' पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें श्री अभय कुमार यादव (पुस्तकालय अध्यक्ष) डॉ. अभय वर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय, डॉ. मीनू जायसवाल, श्री वंदना कुमारी ने भारतीय साहित्य, योग, आयुर्वेद, चिकित्सा एवं आहार विहार एवं दिनचर्या पर सिद्धान्तों और विचारों के माध्यम से भारतीय ज्ञान को विश्व में पहचान दिलाने वाले शिक्षकों का स्मरण कराया तथा उनके द्वारा रचित पुस्तकों का पुस्तक प्रदर्शनी के माध्यम से संकाय सदस्यों तथा छात्रों का परिचय करवाया। |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | नवीन परिसर (धरहरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दि. 20 दिसम्बर, 2022 | महाविद्यालय का नवीन परिसर धरहरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय तथा संचालन श्री यज्ञनाथ पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक गीत एवं कविता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें एन.एस.एस. के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों में अपार उत्साह देखने को मिला। प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय ने स्थानीय लोगों को आश्वास दिया कि निकट भविष्य में यहाँ पर कृषि विज्ञान का पठन-पाठन आरम्भ किया जायेगा। |
| 11. | राष्ट्रीय एकता दिवस दि. 31.12.2022 | महाविद्यालय में लौह-पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया जिसमें राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्र निर्माण के लिए छात्रों को प्राचार्य द्वारा शपथ दिलायी गयी एवं प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में 'रन फॉर युनिटी के लिए' मशाल दौड़ का आयोजन भी किया गया जिसमें अध्यापक, कर्मचारी तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। |
| 12. | नेताजी सुभाष चन्द बोस जयन्ती के उपलक्ष्य में मानव श्रृंखला निर्माण तथा सड़क सुरक्षा शपथ समारोह दि. 23.01.2023 | नेताजी सुभाष चन्द बोस जयन्ती के उपलक्ष्य में छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें सड़क सुरक्षा के लिए प्राचार्य द्वारा शपथ दिलायी गयी तथा डॉ. दयाशंकर यादव के संयोजन में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया जो स्थानीय क्षेत्र में भ्रमण करके ग्रामीण लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। इस मानव श्रृंखला में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, रोवर्स-रेंजर्स के कैडर, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक तथा कार्यक्रम अधिकारी एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। |
| 13. | उ.प्र. स्थापना दिवस 24 जनवरी, 2023 | प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय (प्राचार्य) की अध्यक्षता में महाविद्यालय 'उ.प्र. स्थापना दिवस' का आयोजन किया गया जिसमें उ.प्र. के गौरव शाली अतीत एवं भविष्य का विश्लेषण किया गया तथा उ.प्र. राज्य के विकास के विविध आयामों पर चर्चा की गयी। |
| 14. | वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम दि. 26-27 जनवरी, 2023 | 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 26 एवं 27 जनवरी को आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार पाण्डेय (पूर्व प्राचार्य), विशिष्ट अतिथि श्रीमती चन्दा देवी (ग्राम प्रधान, नागेपुर) तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दयानिधि सिंह के द्वारा किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, लघु नाटक, समूह नृत्य, कविता-पाठ, लोक-गीत एवं फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया था। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि प्रो. विजय कुमार पाण्डेय द्वारा पुरस्कृत किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | सेमिनार<br>वैश्विक शान्ति एवं सौहार्द<br>दि. 18.02.2023 | डॉ. दयाशंकर यादव (समाजशास्त्र विभाग) के निर्देशन में 'वैश्विक शान्ति एवं सौहार्द' पर परिचर्चा आयोजित की गयी जिसमें डॉ. मनीष राय, डॉ. प्रीतम उपाध्याय डॉ. अनिल कुमार तिवारी द्वारा यह माना गया कि विश्व की संवृद्धि के लिए वैश्विक शान्ति एवं सौहार्द आवश्यक है जिसकी प्राप्ति के लिए गांधी के विश्व ग्राम राज के सपने को साकार करना होगा। |
| 16. | सेमिनार<br>जलवायु परिवर्तन एवं आपदा जोखिम नियंत्रण<br>दि. 21.02.2023 | महाविद्यालय में 'जलवायु परिवर्तन एवं आपदा जोखिम नियंत्रण' विषय पर श्री संदीप सिंह भूगोल विभाग के संयोजकत्व में सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय, प्रो. महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. सुशील कुमार सिंह यादव, डॉ. विकास कुमार जायसवाल, डॉ. अभय कुमार वर्मा तथा डॉ. पवन कुमार ओझा द्वारा यह विचार दिया गया कि संसाधनों के दोहन एवं शोषण तथा ऑटोमोबाइल के धुएँ तथा कार्बन के उत्सर्जन से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, जिससे ओजोन पर्त में क्षरण के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से भी विश्व को गुजरना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में सतत विकास एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवहार करके ही इस वैश्विक खतरे से बचा जा सकता है साथ ही नवयुवकों को आपदा जोखिम प्रबंधन का प्रशिक्षण देकर उससे होने वाले समय-समय पर खतरे से समाज को बचाया जा सकता है। |
| 17. | G20 सेमिनार<br>(भविष्य में कार्य का स्वरूप उद्योग 4:0 नवाचार एवं 21वीं सदी कौशल)<br>दि. 22.02.2023 | डॉ. अमन कुमार मिश्रा (अर्थशास्त्र विभाग) के संयोजकत्व में G20 के परिप्रेच्छ में 'भविष्य में कार्य का स्वरूप : उद्योग 4.0 नवाचार एवं 21वीं सदी कौशल' के उपर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. योगेन्द्र तिवारी ने औद्योगिक क्रान्ति के क्रमवार विकास पर प्रकाश डाला। डॉ. मीनू श्रीवास्तव ने नवाचार व उद्योग 4.0 के विभिन्न आयामों को विश्लेषित किया। परिचर्या में प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय (प्राचार्य) प्रो. इन्द्रदेव सिंह, प्रो. शमीम राईन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। |
| 18. | जनपदीय रोवर्स रेंजर समागम कार्यक्रम<br>दि. 25-26 फरवरी, 2023 | महाविद्यालय में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की ओर से जनपदीय रोवर्स रेंजर समागम कार्यक्रम का आयोजन प्रो. विजेन्द्र सिंह, रोवर्स प्रभारी तथा डॉ. प्रीतम उपाध्याय, रेंजर्स प्रभारी के निर्देशन में हुआ। समागम समारोह के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय समन्वयक रोवर्स/रेंजर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मुख्य अतिथि डॉ. सन्त कुमार त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग एवं विशिष्ट अतिथि श्री कृष्ण लाल श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, सकलडीहा, इण्टर कॉलेज, कैण्टन सत्यमूर्ति |

| | | |
|---|---|---|
| | | ओझा तथा श्रीमती सन्ध्या देवी ग्राम प्रधान, नागेपुर थे। इस समारोह में चंदौली जनपद के महाविद्यालय प्रतिभाग किये थे। समारोह में लोकतंत्र के मध्य विविध प्रतियोगिता निबन्ध, झांकी, फेस पेन्टिंग लोक गीत, लोक नृत्य, विवाद, गेम, शॉर्ट स्टोरी, वाल पोस्टर, कल्चर पार्टी विषय पर, आयोजित की गयी जिसमें शहीद हीरा सिंह महाविद्यालय धानापुर को सम्पूर्ण रूप से प्रथम द्वितीय स्थान सकलडीहा पी.जी. कॉलेज, तृतीय स्थान माँ खण्डवारी पी.जी. कॉलेज एवं पं. कमलापति त्रिपाठी महाविद्यालय को प्राप्त हुआ। |
| 19. | राष्ट्रीय सेवा योजना<br>सात दिवसीय विशेष शिविर<br>दि. 28.02.2023<br>06.03.2023 | राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों का सात दिवसीय शिविर का आयोजन श्री जितेन्द्र यादव, डॉ. अनिल कुमार तिवारी तथा डॉ. अभय कुमार वर्मा कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में अपुन सरोवर (दुर्गा माता मन्दिर) टिमिल पुर ग्राम पंचायत भवन में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री निकाय धर दुबे तहसीलदार सकलडीहा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीता देवी ग्राम प्रधान टिमिल्पुर थी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री मनोज पाठक उपजिलाधिकारी, सकलडीहा चंदौली थे। शिविर के दौरान स्वयं सेवकों को व्यक्तित्व निर्माण तथा उनमें कौशल निर्माण के लिए गोष्ठी, सेमिनार, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि आयोजित किया गया जिनसे वे अपने को समाज सेवा तथा राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार कर सके। स्वयं सेवकों ने चयनित ग्राम पंचायतों में जाकर ग्रामीण लोगों को स्वच्छता, स्त्री शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ-सफाई, पर्यावरण सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक कुरितियों के प्रति जागरूक किया। इस शिविर के दौरान इकाई स्तर पर बहुत सारे प्रतियोगिता हुई जिसके लिए इन्हें पुरस्कृत भी किया गया। |
| 20. | **खेलों इण्डिया**<br>**बढ़ेगा इण्डिया**<br>**का आयोजन**<br>**मंगलवार**<br>**दि. 27 मई, 2023** | महाविद्यालय में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत 'खेलो इण्डिया' प्रचार वाहन तथा शुभांकर 'जीतू' का प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय द्वारा स्वागत किया गया, इस अवसर पर प्रो. दयानिधि सिंह यादव, प्रो. एम.पी. सिंह, श्री संदीप सिंह, डॉ. पवन कुमार ओझा, डॉ. इन्द्रजीत सिंह, डॉ. दयाशंकर यादव, डॉ. अनिल कुमार तिवारी, डॉ. अभय कुमार वर्मा, श्री अजय कुमार यादव तथा भारी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। |
| 21. | **विश्व पर्यावरण दिवस**<br>**दि. 5 जून, 2023** | 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए महाविद्यालय परिवार द्वारा संकल्प लिया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजन के कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवाओं |

| | | |
|---|---|---|
| | | के सहयोग से बृहद स्तर पर वृक्षा रोपण का कार्य किया गया इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय, समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। |
| 22. | महिलाओं के हित कानून सम्बन्धी विधिक साक्षरता/ जागरूकता शिविर दि. 14.06.2023 | महाविद्यालय में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्त्वाधान में महिलाओं के हित संरक्षण कानून तथा महिला स्वास्थ्य को लेकर शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि श्री ज्ञान प्रकाश शुक्ल ए.डी.जे. विशिष्ट अतिथि डॉ बाई के राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंदौली तथा अध्यक्षता प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय ने की। इस शिविर में महिला हित संरक्षण हेतु बनाये गये कानूनों के विषय पर प्रकाश डाला गया तथा कहा गया कि हर महिला के लिए विधिक साक्षरता आवश्यक है साथ ही महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न आवश्यक जानकारी दी गयी, इस शिविर में भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। |